समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# सेबी के एक्शन के बाद Jane Street ने भरी 4840 करोड़ की पेनल्टी, क्या फिर से लौटेगी भारतीय बाजार मे ?

Publisher

Published on 14 Jul 2025



**SEBI के आदेश के बाद अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म Jane Street ने जुर्माने की रकम जमा की, अब भारतीय बाजार मे वापसी की तैयारी लेकिन सख्त निगरानी के बीच।**

**नई दिल्ली :** भारतीय बाजार में **ट्रेडिंग के दौरान** अनियमितताओं के चलते विवादों में आई **अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म Jane Street** ने अब सेबी (**SEBI**) की ओर से लगाए गए **4840 करोड़ रुपये** (करीब 564 मिलियन डॉलर) के जुर्माने की भरपाई कर दी है। कंपनी ने शुक्रवार को यह **राशि एस्क्रो अकाउंट** में जमा करा दी, जिससे साफ है कि **Jane Street** भारतीय शेयर बाजार में दोबारा कदम रखने को लेकर गंभीर है।

### क्या था मामला ?

**सेबी ने 3 जुलाई 2025** को अपने आदेश में **Jane Street** को भारत में अवैध तरीकों से की गई कमाई को सरकार को लौटाने का निर्देश दिया था। जांच में यह सामने आया था कि फर्म ने कुछ ट्रेडिंग गतिविधियों के जरिए भारतीय शेयर बाजार में नियमों का उल्लंघन किया है।

सेबी के निर्देशों के तहत, **Jane Street** को **4840 करोड़ रुपये** की पेनल्टी भरनी थी, जिसे अब कंपनी ने समय पर जमा करा दिया है।

### दोबारा कारोबार की तैयारी मे Jane Street

**Jane Street** की ओर से **पेनल्टी** भरना यह संकेत देता है कि कंपनी फिर से भारत में सक्रिय रूप से ट्रेडिंग शुरू करने की इच्छुक है और भविष्य में नियमों का पालन करने को तैयार है।

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी को उम्मीद है कि वह निकट भविष्य में भारत के **इक्विटी** और **डेरिवेटिव बाजार** में फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेगी।

### क्या अब मिल जाएगी मंजूरी ?

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि **Jane Street** को तत्काल **भारतीय बाजार मे ट्रेडिंग** की अनुमति मिलेगी या नहीं। लेकिन जानकारों का मानना है कि फर्म को फिर से मंजूरी मिलने के बाद भी वह पहले जैसी सक्रियता से ट्रेडिंग नहीं कर पाएगी।

सेबी पहले ही साफ कर चुका है कि किसी भी रेगुलेटरी उल्लंघन की स्थिति को रोकने के लिए **Jane Street** की सभी ट्रेडिंग गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

### बाजार की नजरे संतर्क

वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि इस घटनाक्रम के बाद विदेशी फर्मों के लिए **भारतीय बाजार** में **पारदर्शिता** और नियमों का पालन पहले से ज्यादा जरूरी हो जाएगा। **Jane Street** को भी अब प्रत्येक ट्रेड और कदम फूंक-फूंककर रखना होगा।

इस प्रकरण ने एक बार फिर यह साबित किया है कि **SEBI** का नियामक ढांचा मजबूत और सख्त है, जो बाजार में अनुशासन बनाए रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.